अणुव्रत पुरस्कार-2008



जय तुलसी फाउंडेशन

रजिस्टर्ड कार्यालय

अणुव्रत भवन, तृतीय तल, 210, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110002

संपर्क सूत्र : 011-23231373 फैक्स : 011-23231363 Email : jtfcal@gmail.com

प्रबन्ध न्यासी कार्यालय

सूट नं. 3ए, तृतीय तल, 3, ऑकलैण्ड प्लेस, कोलकाता-700017

संपर्क सूत्र : 033-22902277 / 3377 मो. : 9830055431 Email : jtfcal@gmail.com

जय तुलसी फाउंडेशन–अणुव्रत पुरस्कार

समाज के लोककल्याण हेतु अणुव्रत प्रवर्तक गणाधिपति गुरुदेव श्री तुलसी एवं अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाप्रज्ञ की अणुव्रत परिकल्पना को साकार रूप देते हुए समाज के प्रबुद्ध सम्मानित चिन्तकों ने एकत्रित होकर 15 मई, 1996 को नई दिल्ली में संवैधानिक प्रक्रियाओं को पूरा कर 'जय तुलसी फाउंडेशन' न्यास की स्थापना की। तब से अब तक जय तुलसी फाउंडेशन सम्पोषण, शिक्षा, चिकित्सा एवं नैतिक मूल्यों के विकास के क्षेत्र में अनवरत समाज सेवा कर रहा है।

अणुव्रत पुरस्कार जय तुलसी फाउंडेशन का एक गरिमामय सम्मान है। समाज में मानवीय एकता, नैतिक मूल्यों की प्रतिष्ठा, एवं स्वस्थ समाज संरचना हेतु सघन कार्य करने के लिए प्रतिवर्ष यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। अणुव्रत पुरस्कार का मूल ध्येय है–अनुशासन को समर्पित किसी ऐसे सच्चरित्र, नैतिक एवं कर्मठ व्यक्ति को या नैतिक मूल्यों के विकास एवं स्वस्थ समाज संरचना के लिए कार्यरत किसी संस्था को पुरस्कृत किया जाये जिसने सार्वजनिक जन-जीवन में चरित्र निर्माण की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई हो।

इस पुरस्कार के अन्तर्गत 1,51,000 रु. सममूल्य की अर्थराशि का चेक, शॉल-सम्मान, प्रशस्ति-पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान किया जाता है। फाउंडेशन द्वारा अब तक कुल सात महानुभावों व संस्थाओं को अणुव्रत पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इसी क्रम में सम्माननीय श्री एस. रघुनाथन को अणुव्रत पुरस्कार-2008 से सम्मानित किया जा रहा है।

जय भिक्षु ! जय तुलसी ! जय महाप्रज्ञ!

नैतिक एवं मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित

अणुव्रत पुरस्कार-2008

:: पुरस्कार प्रदान समारोह ::

सान्निध्य	:	अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाप्रज्ञ
उद्बोधन	:	युवामनीषी युवाचार्य श्री महाश्रमण
संबोधन	:	महाश्रमणी साध्वीप्रमुखा श्री कनकप्रभा
पुरस्कार प्राप्तकर्ता	:	श्री एस. रघुनाथन
दिनांक	:	14 मार्च, 2010 रविवार
समय	:	प्रातः 09.30 बजे
स्थान	:	तेरापंथ भवन, श्री डूंगरगढ़ (राजस्थान)

कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं

: निवेदक :

सुरेन्द्र कुमार दूगड़

(प्रबन्ध न्यासी)

जय तुलसी फाउंडेशन

पुरस्कार प्राप्तकर्ता श्री एस. रघुनाथन का परिचय

प्रतिष्ठित अणुव्रत पुरस्कार के लिए चयनित सम्माननीय श्री श्रीनिवासगोपालन रघुनाथन (सुपुत्र वी. श्रीनिवासगोपालन/श्रीमती सुलोचना देवी रघुनाथन) का जन्म दिनांकः 3 मई, 1946 को ग्राम कोविलवुन्नी, जिला-तंजावूर (तमिलनाडु) में हुआ। आपने विज्ञान विषय में स्नातक की शिक्षा के साथ 1973 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रवेश किया।

प्रशासनिक सेवा के अन्तर्गत आपने विभिन्न पदों पर अपनी सेवायें दी। प्रमुख रूप से अध्यक्ष-दिल्ली पर्यटन, शिक्षा सचिव-दिल्ली सरकार, यातायात सचिव-दिल्ली सरकार, पर्यटक सचिव-अरुणाचल प्रदेश, निजी सहायक-मुख्य मंत्री, सचिव-कृषि मंत्रालय भारत सरकार एवं मुख्य सचिव दिल्ली सरकार आदि पदों पर कार्य करते हुए एक कार्यकुशल और सक्षम अधिकारी के रूप में प्रतिष्ठा अर्जित की। अणुव्रत अनुशास्ता आचार्यश्री महाप्रज्ञ की प्रेरणा से आपने अणुव्रत के सिद्धान्तों को अपने जीवन में अपनाया। प्रेक्षाध्यान के प्रयोग किए। आप जितने सौम्य और मिलनसार हैं उतने ही नीतिनिष्ठ और कर्तव्यनिष्ठ हैं।

प्रामाणिक व अनुशासित जीवन शैली आपके व्यक्तित्व की विशेषता है। ऐसे मनस्वी व्यक्तित्व श्री एस. रघुनाथन का शिक्षा, जीवन-विज्ञान व अणुव्रत के कार्यों में सतत् सहयोग रहा है। वर्तमान में आप नॉलेज कमीशन (Knowledge Commission) में परामर्शक के रूप में सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं।

नैतिक एवं मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित व्यक्तित्त्व को अणुव्रत पुरस्कार से सम्मानित कर जय तुलसी फाउंडेशन सात्विक प्रसन्नता की अनुभूति कर रहा है।

ॐ अर्हम्